# Rapid Fire (करेंट अफेयर्स): 08 जनवरी, 2024

## रोश की ब्रेकथ्रू एंटीबायोटिक

स्विस स्वास्थ्य सेवा क्षेत्र की दिग्गज कंपनी **रोश (Roche)** ने [ग्राम-नेगेटिव बैक्टीरिया (Gram-Negative Bacteria) ](#) को लक्षित करने वाले एक अभूतपूर्व [जीवाणुनाशक (Antibiotic)](#), **ज़ोसुराबलपिन (Zosurabalpin)** की खोज की है।

- इसने **दवा-प्रतिरोधी एसिनेटोबैक्टर उपभेदों (Strains)**, विशेष रूप से **कार्बापेनम-प्रतिरोधी एसिनेटोबैक्टर बाउमन्नी (Carbapenem-Resistant A Baumannii- CRAB)** के विरुद्ध आशाजनक गतिविधि का प्रदर्शन किया है, जिसे विश्व स्वास्थ्य संगठन (World Health Organization- WHO) द्वारा एक महत्त्वपूर्ण रोगजनक के रूप में वर्गीकृत किया गया है।
- **ज़ोसुराबलपिन (Zosurabalpin)** की क्रिया बैक्टीरिया की बाहरी झिल्ली के निर्माण को बाधित करती है, विशेष रूप से **लिपोपॉलीसेकेराइड** के परिवहन तंत्र को लक्षित करती है, जो ग्राम-नेगेटिव बैक्टीरिया में एक महत्त्वपूर्ण बाधा है।
- बैक्टीरिया को दो समूहों में वर्गीकृत किया जाता है: **ग्राम-पॉज़िटिव या ग्राम-नेगेटिव**, यह इस बात पर निर्भर करता है कि वे एक विशिष्ट रंग का दाग बनाए रखते हैं या नहीं। ग्राम-पॉज़िटिव बैक्टीरिया **बैंगनी रंग का दाग** बनाए रखते हैं, जबकि ग्राम-नेगेटिव बैक्टीरिया **गुलाबी या लाल** दिखाई देते हैं।
  - **ग्राम-नेगेटिव बैक्टीरिया** की कोशिका भित्ति में **एक पतली पेप्टिडोग्लाइकन (Peptidoglycan) परत होती है**, यह दो लिपिड झिल्लियों के बीच स्थित होती है, जो उन्हें एक जटिल संरचना प्रदान करती है।
    - यह बाहरी झिल्ली एक **बाधा** के रूप में कार्य करती है, जो उन्हें **एंटीबायोटिक दवाओं के प्रति अधिक प्रतिरोधी बनाती है।**

**और पढ़ें...** [एंटीबायोटिक दवाओं की बढ़ती प्रभावकारिता](#)

## व्यापार की शर्त

पिछले डेढ़ दशक में भारतीय कृषि के लिये **व्यापार की शर्तों (Terms of Trade- ToT)** में राष्ट्रीय आय के आँकड़ों के आधार पर महत्त्वपूर्ण सुधार हुआ है।

- कृषि में ToT सुधार का श्रेय **वैश्विक कृषि-वस्तु मूल्य में वृद्धि** और नीतिगत हस्तक्षेप, विशेष रूप से [न्यूनतम समर्थन मूल्य (MSP) ](#) में **बढ़ोतरी** को दिया जाता है।
- भारतीय कृषि के लिये **ToT** का तात्पर्य गैर-कृषि वस्तुओं और सेवाओं के सापेक्ष कृषि वस्तुओं की कीमतों में उतार-चढ़ाव से है।
  - व्यापार की शर्तें कृषि कीमतों और औद्योगिक कीमतों के अनुपात को संदर्भित करती हैं, जिसे मूल्य सूचकांक के रूप में निर्धारित किया जाता है।
- व्यापार की शर्तों में वृद्धि का तात्पर्य औद्योगिक वस्तुओं के मामले में कृषि क्षेत्र के लिये बेहतर क्रय शक्ति से है।
  - **एक (या 100%) से ऊपर** का अनुपात किसानों द्वारा खरीदी और बेची जाने वाली वस्तुओं में अंतर के संदर्भ में **अनुकूल मूल्य निर्धारण शक्ति** का संकेत देता है।
  - एक से नीचे **TOT** अनुपात **विनिमय की प्रतिकूल परिस्थितियों** को इंगित करता है।
- क्रय कीमतों में वृद्धि से खाद्य सब्सिडी बिलों में वृद्धि हुई है, जिससे राजकोषीय घाटे और व्यापक आर्थिक प्रबंधन के मुद्दे सामने आए हैं।

## मुरादाबाद का पीतल बर्तन उद्योग

उत्तर प्रदेश के **अयोध्या में राम मंदिर** के निर्माण से धार्मिक मूर्तियों, विशेष रूप से भगवान राम की मूर्तियों की मांग में वृद्धि के रूप में हुई है, जिसके परिणामस्वरूप **मुरादाबाद के पीतल के बर्तन उद्योग** के पुनरुत्थान को प्रोत्साहन मिला है।

- मुरादाबाद की स्थापना वर्ष 1600 में **मुगल सम्राट शाहजहाँ** के बेटे मुराद ने की थी जिसके परिणामस्वरूप शहर को मुरादाबाद के नाम से जाना जाने लगा।
- मुरादाबाद **पीतल सामग्री के लिये प्रसिद्ध** है तथा इसने विश्व भर में हस्तशिल्प उद्योग में अपनी एक विशिष्ट पहचान स्थापित की है।
  - पीतल के बर्तन अमेरिका, ब्रिटेन, कनाडा, जर्मनी, मध्य पूर्व तथा एशिया जैसे देशों में निर्यात किये जाते हैं इसलिये **मुरादाबाद को "पीतल नगरी" भी कहा जाता है।**
  - **पीतल, ताँबे तथा जस्ता की एक मिश्र धातु** है जो अपनी उल्लेखनीय **मज़बूती/कठोरता और व्यावहारिकता** के कारण ऐतिहासिक एवं

स्थायी महत्त्व रखती है।

- 1980 के दशक में **पीतल, लोहा तथा एल्यूमीनियम जैसे विभिन्न धातु की सामग्रियों** की शुरुआत के साथ उद्योग में विविधता आई। इस विस्तार से मुरादाबाद के कला उद्योग में **इलेक्ट्रोप्लेटिंग, लैकरिंग एवं पाउडर कोटिंग** जैसी नई तकनीकें आईं।
- मुरादाबाद मेटल क्राफ्ट (वर्ड मार्क) को **भौगोलिक संकेतक (GI) टैग** का दर्जा प्राप्त है।

**पैन्सपर्मिया**

पैन्सपर्मिया, यह परिकल्पना कि **जीवन ग्रहों के पार घूम सकता है**, सदियों से चिंतन और वैज्ञानिक अनुसंधान का विषय रहा है।

- पैन्सपर्मिया, जिसे सबसे **पहले ग्रीक दार्शनिक एनाक्सागोरस** ने प्रस्तावित किया था, सुझाव देती है कि **जीवन में ग्रहों के बीच 'बीज (seeds)' के रूप में यात्रा करने की क्षमता है।**
- वैज्ञानिक प्रगति के अनुसार, **सूक्ष्मजीव अंतरग्रहीय उड़ान की कठोर परिस्थितियों का सामना कर सकते हैं** और एक नए विश्व तक पहुँचने के प्रभाव से बच सकते हैं।
    - 19वीं सदी के शोधकर्त्ताओं, जिनमें **स्वांते अरहेनियस (Svante Arrhenius)** भी शामिल हैं, ने सूर्य से विकिरण दबाव जैसे तंत्र का सुझाव दिया, जो अंतरिक्ष के माध्यम से सूक्ष्मजीवों को आगे बढ़ा सकता है।
- **आधुनिक पैन्सपर्मिया सिद्धांत के तीन चरण इस प्रकार हैं: एक ग्रह से प्रस्थान, अंतरग्रहीय अंतरिक्ष में पारगमन और दूसरे ग्रह पर उतरना।**
- पैन्सपर्मिया स्वयं जीवन की उत्पत्ति की व्याख्या नहीं करता है और इसकी वैधता साबित करने में कठिनाई के कारण इसे एक फ्रिंज सिद्धांत माना जाता है।

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/rapid-fire-current-affairs-08-january,-2024